नवाब परिवार की संपत्तियों को लेकर शत्रु संपत्ति मामले में उठी मांग

# समाजसेवी ने रियाज मंजिल सहित अन्य संपत्तियों पर कार्रवाई की जानकारी मांगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान के परिवार से जुड़ी संपत्तियों को लेकर शत्रु संपत्ति मामले में समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने भारत सरकार और जिला प्रशासन से कार्रवाई की जानकारी मांगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय मुंबई, कलेक्टर भोपाल, एडीएम भोपाल और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को ज्ञापन सौंपा है।

अमिताभ अग्निहोत्री ने बताया कि भारत सरकार के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय मुंबई ने शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 की धारा 12 के तहत भोपाल स्थित रियाज मंजिल को शत्रु संपत्ति घोषित किया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार और संबंधित कार्यालय का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने ज्ञापन में सवाल उठाया कि रियाज मंजिल को शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने के बाद उसे राजसात करने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। साथ ही नवाब हमीदुल्ला खान की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम से संबंधित अन्य संपत्तियों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

ज्ञापन में भोपाल के बेहटा क्षेत्र की भूमि और बोरबन क्षेत्र की संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में कस्टोडियन विभाग मुंबई की ओर से कलेक्टर भोपाल को भेजे गए पत्र में कुछ संपत्तियों को घोषित और कुछ को विचाराधीन रखा गया था।

अमिताभ अग्निहोत्री ने विचाराधीन संपत्तियों की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर रोक लगाने तथा घोषित संपत्तियों पर कार्रवाई की जानकारी मांगी है। उन्होंने संबंधित दस्तावेज भी ज्ञापन के साथ संलग्न किए हैं।



## गणेश उत्सव की झांकियों को आकार दे रहे कलाकार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** गणेश उत्सव को लेकर राजधानी में तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर कलाकार गणेशजी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कलाकार अपनी कला और मेहनत से झांकियों को आकर्षक रूप दे रहे हैं। गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने वाली इन झांकियों को तैयार करने का काम लगातार जारी है। इसके साथ ही जगह-जगह झांकियों के पंडाल भी तैयार किए जा रहे हैं। इनमें आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए दूर दूर से आए कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

# रख्शां शमीम जाहिद बनीं क्लब की पहली चार्टर अध्यक्ष




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** लायंस क्लब लिगेसी का स्थापना एवं पदस्थापना समारोह भोजपुर क्लब में आयोजित किया गया। समारोह में रख्शां शमीम जाहिद ने क्लब की प्रथम चार्टर अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय मुख्य अतिथि और लायन जयपाल सचदेव इंडक्शन एवं इंस्टॉलेशन ऑफिसर के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। डॉ. शाहीन आरिफ प्रथम उपाध्यक्ष, बिनु धीर द्वितीय उपाध्यक्ष, समीना अख्तर तृतीय उपाध्यक्ष, ग़ज़ाला सलमान सचिव और फ़राह खान कोषाध्यक्ष नियुक्त की गईं। शनवीर सिद्दीक़ी मीडिया चेयरपर्सन और रेशमा अल्वी संयुक्त सचिव बनीं। सहबा फ़रहत, शमामा सिद्दीक़ी, मेहविश किदवई, निलोफ़र ख़ालिद और शिबा आरिफ कार्यकारिणी सदस्य हैं। अध्यक्ष रख्शां शमीम जाहिद ने बताया कि क्लब बेगम्स ऑफ भोपाल, वीस और लायंस इंटरनेशनल के सहयोग से स्थापित हुआ है। क्लब महिला सशक्तीकरण, जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक कल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देगा।

## श्रमिक सुरक्षा के लिए नागरिक बनें श्रम प्रहरी : प्रहलाद

**नप्र, भोपाल :** श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेशवासियों से श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए 'श्रम प्रहरी' की भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपंजीकृत इकाइयों में श्रम नियमों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी से शोषण व दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। नागरिक ऐसी गतिविधियों की सूचना श्रम विभाग के पोर्टल या टोल-फ्री श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 पर दे सकते हैं। पहल का उद्देश्य बिना पंजीयन संचालित कारखानों, संस्थानों और निर्माण कार्यों की पहचान कर श्रमिक अधिकारों की सुरक्षा मजबूत करना है।

# बिजली कंपनी का जेई 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### नया मीटर लगाने और बिजली चोरी में समझौते के नाम पर मांगी थी रकम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राजधानी में बिजली कंपनी के जेई को लोकायुक्त टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई बुधवार दोपहर लोकायुक्त की टीम ने डीएसपी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की। टीम ने रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली।

मामला नया मीटर लगाने और बिजली चोरी के पुराने प्रकरण में समझौता कराने के नाम पर रिश्वत मांगने से जुड़ा है। कार्रवाई के दौरान सामने आए वीडियो में जेई अर्पित उपाध्याय लोकायुक्त अधिकारी से उनका परिचय पूछते हुए दिखाई दे रहा है। उसने पूछा कि आप कौन हैं और यहां कैसे आए हैं। इस पर डीएसपी वीरेंद्र सिंह ने खुद को लोकायुक्त डीएसपी बताते हुए कार्रवाई की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार आवेदक तारिक सिद्दीकी ने नया बिजली मीटर लगवाने के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान पुराने बिजली चोरी के मामले में समझौता कराने और नया मीटर लगाने के बदले उससे 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। रकम लेने के लिए जेई ने उसे छोला स्थित विद्युत कार्यालय बुलाया था। आवेदक की शिकायत पर लोकायुक्त टीम ने सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने के बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे आवेदक रकम लेकर कार्यालय पहुंचा, जहां जेई ने पैसे लिए और टीम ने उसे पकड़ लिया। लोकायुक्त ने जेई अर्पित उपाध्याय और राजेंद्र बरवड़े के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की है। मामले में अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## कारगिल युद्ध के वीर योद्धा के साहस, त्याग व राष्ट्रप्रेम को किया याद

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल युद्ध के वीर योद्धा और परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन बत्रा ने अदम्य साहस और वीरता के साथ मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से सौजन्य भेंट करने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उनके निवास पहुंचे जहॉ श्री देवड़ा का आत्मीय स्वागत किया गया।

# प्रदेश में यात्री परिवहन विस्तार से बढ़ेंगे निवेश और रोजगार

### 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ने की तैयारी, 15 हजार से अधिक सार्वजनिक बसें चलेंगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्यप्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए 11 और 12 सितंबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में यात्री परिवहन विजन समिट-2026 आयोजित होगी। इसमें परिवहन विशेषज्ञ, निजी बस संचालक, उद्योग प्रतिनिधि और नीति-निर्माता प्रदेश की परिवहन व्यवस्था के विस्तार पर विचार करेंगे। विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप परिवहन का रोडमैप तैयार किया जाएगा। 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ने का लक्ष्य है। मोबिलिटी विजन 2030 के तहत 15 हजार से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें संचालित करने की योजना है। इससे प्रतिदिन 30 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा मिलेगी। 180 से अधिक बस स्टैंड, टर्मिनल और डिपो का कायाकल्प किया जाएगा।

स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक बसों पर जोर रहेगा। वर्तमान में 96 पीएम ई-बस और 120 अंतरनगरीय बसें संचालित हैं। अगले छह माह में 486 पीएम ई-बस और 34 अंतरनगरीय बसें जोड़ने तथा 2027 तक इनकी संख्या 1100 करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की बसों में महिला और बाल सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। बसों में सात सीसीटीवी कैमरे, संकट बटन और वास्तविक समय वाहन निगरानी प्रणाली लगाई जा रही है। कमांड-कंट्रोल केंद्रों से बसों की निगरानी होगी।

जन-निजी भागीदारी से निजी बस संचालकों की भागीदारी बढ़ाने की योजना है। इससे परिवहन, वाहन निर्माण, इलेक्ट्रिक गतिशीलता और चार्जिंग ढांचे में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. कुरियन को पुण्यतिथि पर किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से भारत को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और लाखों पशुपालक किसानों के जीवन में समृद्धि लाने में डॉ. कुरियन का योगदान अविस्मरणीय है। किसानों के सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाले उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

# फेफड़ों के कैंसर पर ऑन्कोलॉजी सीएमई आयोजित




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र (आरजीसीआईआरसी) ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), ग्रेटर भोपाल शाखा के सहयोग से 5 सितंबर को जहांनुमा पैलेस होटल में ऑन्कोलॉजी सीएमई आयोजित की। इसमें भोपाल के डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में फेफड़ों के कैंसर के सर्जिकल उपचार, संदिग्ध कैंसर की पहचान और कैंसर स्क्रीनिंग पर चर्चा हुई।

थोरैसिक ऑन्कोसर्जरी प्रमुख डॉ. एल. एम. दारलोंग ने फेफड़ों के कैंसर के सर्जिकल प्रबंधन में हुए बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने सही स्टेजिंग, मरीज का चयन और बहु-विषयक उपचार योजना को महत्वपूर्ण बताया। मेडिकल ऑन्कोलॉजी सलाहकार डॉ. अभिनव देवान ने संदिग्ध मैलिग्नेंसी वाले मरीजों की जांच, चेतावनी संकेतों की पहचान और समय पर विशेषज्ञ को रेफर करने पर चर्चा की। सीएमई में वास्तविक क्लीनिकल परिस्थितियों, रेफरल प्रक्रिया और कैंसर उपचार में विशेषज्ञों के बीच समन्वय पर भी संवाद हुआ। आरजीसीआईआरसी ने चिकित्सा समुदाय की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

# नौ दिन प्रभावित रहेंगी बैंकिंग सेवाएं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्यप्रदेश में सितंबर महीने के दौरान नौ दिन बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। बैंक कर्मचारियों की हड़ताल और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के कारण प्रदेश की करीब 7000 बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित होगा। इस दौरान नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरेंस और अन्य जरूरी बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

बैंक कर्मचारियों की पहली हड़ताल 11 सितंबर को होगी। इसके बाद 12 और 13 सितंबर को अवकाश रहेगा। वहीं 20 सितंबर को रविवार की छुट्टी रहेगी। इसके बाद 26 और 27 सितंबर को शनिवार-रविवार का अवकाश और 28 से 30 सितंबर तक फिर हड़ताल प्रस्तावित है। इस तरह पूरे महीने में दो चरणों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी।

बैंक संगठनों की मांगों को लेकर नई दिल्ली में सरकार और बैंक प्रतिनिधियों के बीच बैठक प्रस्तावित है। मांगों पर सहमति नहीं बनने की स्थिति में हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया जाएगा।

**प्रदेश में 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर 7000 शाखाओं में कामकाज रहेगा बंद**

बैंक यूनियनों की प्रमुख मांग हर शनिवार को अवकाश घोषित कर पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की है। इसके बदले सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना कार्य समय में 40 मिनट बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने के साथ स्केल-4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए लागू प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना वापस लेने की मांग की है। यूनियनों ने पेंशन अद्यतन, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, पर्याप्त भर्ती और अन्य लंबित मांगों को भी उठाया है।

# इलेक्ट्रिक वाहन जागरूकता रैली एक्सपो में दिखीं नई तकनीकें

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** विश्व ईवी दिवस के अवसर पर बुधवार को इलेक्ट्रिक वाहन जागरूकता रैली और ईवी एक्सपो आयोजित किया गया। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सहयोग तथा सिटीज फोरम के तकनीकी समन्वय से आयोजन किया। रैली गोविंदपुरा दशहरा मैदान से शुरू होकर शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय मार्गों से होते हुए मैनिट परिसर पहुंची। इसमें 50 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों ने हिस्सा लिया। इनमें दोपहिया, कार, ई-ऑटो, वाणिज्यिक ई-ऑटो, इलेक्ट्रिक पिकअप और इलेक्ट्रिक बसें शामिल थीं। अपर आयुक्त अभिषेक सराफ ने कहा कि मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2025 के माध्यम से सुरक्षित



और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि नीति से स्वच्छ परिवहन के साथ औद्योगिक निवेश और नई संभावनाओं को भी बढ़ावा मिल रहा है। भोपाल स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त अंजू अरुण कुमार ने चार्जिंग अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिक तकनीक अपनाने को जरूरी बताया। नीति के तहत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को मॉडल ईवी शहर बनाया जा रहा है। अगस्त 2026 में प्रदेश में 15,838 नए इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीयन हुआ। प्रदेश में 1,400 से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं।

## भारतेंदु की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री ने हिंदी नाटक एवं रंगमंच के पितामह और राष्ट्रीय नवजागरण के पुरोधा स्व. भारतेंदु हरिश्चंद्र की जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतेंदु ने अपनी लेखनी से आधुनिक चेतना, राष्ट्रीय गौरव और जनजागरण की भावना को मजबूत किया।

**नाम संशोधन सूचना**

मैं अलीशा खान यह घोषित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश पिता का नाम मो. साबिर मियां (Mo.Sabir Miyan) अंकित हो गया है। जबकि अन्य शासकीय अभिलेखों, जन्म प्रमाण-पत्र आदि में पिता का सही नाम मोहम्मद साबिर (Mohd Sabir) दर्ज है। भविष्य में सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय अभिलेखों में पिता का सही नाम मोहम्मद साबिर (Mohd Sabir) ही माना जाए।

1556

**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI KURAWAR, DISTT. : RAJGARH**
No./Nirman/26-27/474 Kurawar, Dated : 02.09.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of **work 01 - Reconstruction of Trolley Shed (1 No.) Instead of Previously Build Covered Shed And Trolley Shed at Sub Mandi Yard Jhalda (Main Mandi Kurawar) Tender Number : 2026_MPSAM_534977_1** (PAC amount Rs. 24.82 Lakh), **work 02 - Drilling of Tubewell With Submercible Pump (9.96 Lakh), Floor Maintenance Work of Office Building And Farmer's Rest House** (7.92 Lakh), And Repair-Maintenance and Height Increase of Existing Trolley Shed (16.52 Lakh) at Mandi Yard Kurawar **Tender Number : 2026_MPSAM_534979_1** (PAC amount Rs. 34.40 Lakh), The following works Tender to be received Online up to 5:30 PM on Dated 06.10.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/127986/2026 **SECRETARY**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेडा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस./जे-347 मण्डल द्वारा श्री राजेश सूर्यवानी आत्मज श्री मोतीलाल के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04/03/1985 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 26/12/2025 को पंजीकृत है। श्री राजेश सूर्यवानी आत्मज श्री मोतीलाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रईसा बी पत्नी श्री अज़ीम उद्दीन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रईसा बी पत्नी श्री अज़ीम उद्दीन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

1555

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भावना दुबे पत्नी विकास दुबे आयु वयस्क निवासी ए/155 सर्वधर्म कालोनी कोलार रोड भोपाल ने मकान क्रमांक /15 ग्राम अकबरपुर जिसका खसरा क्रमांक 136 व 152 पुराना खसरा क्रमांक 24/1/2 एवं 57.58/1.58/2/1 है एवं क्षेत्रफल 840 वर्गफीट 78.06 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब-रास्ता 20 फिट चौडा पश्चिम प्लाट क्रमांक 16 उत्तर- प्लाट क्रमांक 14 दक्षिण- रास्ता है जो कि विक्रेता रूपलता सक्सेना पत्नी स्व श्री कृष्णा मोहन सक्सेना आयु वयस्क निवासी मकान क्रमांक 15 ग्राम अकबरपुर कोलार रोड भोपाल म.प्र है के स्वामित्व में है को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार एवं विक्रेता के मध्य आपसी सहमति से क्रय विक्रय की सहमति बनी है एवं क्रय करने का आशय रखते हुए टोकन राशि का भुगतान कर विक्रय अनुबंध किया जा चुका है यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक फर्म सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कही दान बंधक गिरवी हस्तांतरण विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर मेरे मोबाइल नंबर 9907065699 पर सूचित कर एवं निम्नलिखित पते पर लिखित मे मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि निकल जाने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का पंजीयन अगर अपने पक्ष मे करा लेंगे ऐसी स्थिति मे कोई भी आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी।

**विभोर दुबे, अधिवक्ता**
**निवासी ए/155 सर्वधर्म कालोनी कोलार रोड भोपाल**
**मो 9907065699, 9691973508**

1554

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलर जिला भोपाल**
**सूचना पत्र (वास्ते बंटान)**

**क्रमांक Q/2026 भोपाल, दिनांक 24/08/2026**

**प्रति,1.** मेसर्स देव कंस्ट्रक्शन द्वारा श्री प्रदीप नरवरिया एवं लेखराज मीना नि. भोपाल। 2 फूलसिंह पिता हरलाल नि. इमालिया, जरगर भोपाल । 3. हेमलता मीना पत्नी मुनेश कुमार मीना नि. डी. 403 सिंग्नेचर रेसीडेसी भोपाल। 4. श्रीमती अर्चना नरवरिया पत्नी श्री प्रदीप कुमार नरवरिया। नि. भोपाल। 5. बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा प्रोपाईटर्स श्री कपिलमीना पुत्र भैयालाल मीना नि. बिशनखेडी भोपाल 6. सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारों को सूचनार्थ। **विषय** :-बंटान किये जाने बाबत् सूचना पत्र ! **संदर्भ** :-न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प.क. 0049/अ-3/2026-27 दिनांक के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम इमलिया जरगर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. वृत्त 3 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 39/2/1/1/2 रकबा 0.2225 हेक्टेयर कुल रकबा 0.2225 हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका श्री प्रदीप नरवारिया पिता/पति श्री रघुवीर नरवरिया निवासी भोपाल। के नाम से है, का बंटान संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार जिला भोपाल द्वारा दिनांक 11/09/26 को समय 11:00 AM बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर बंटान के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो बंटान कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में बंटान की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.**

1553

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल**
**फोन-0755 2463894**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उधृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | सिस्टम टेन्डर नं. | एन.आई. टी.क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ सी.पी.ए._ 534271 | 53/ व.ले.लि. /26-27 दि. 7.9.2026 | वार्षिक रखरखाव के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह खण्ड क्र.-3 के पीछे स्टॅफ क्वार्टर के आस-पास के क्षेत्र में विकास कार्य। | रू.9,90.000.00 | रू. 19800.00 | रू. 2000.00 | 06 माह | -तदैव- |
| 2 | 2026_ सी.पी.ए._ 534272 | 54/ 26-27 दि. 7.9.2026 | विधानसभा भवन में वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की फ्लोरिंग, स्टेयरकेस, का सुधार तथा फ्लोर का मिरर पॉलिशिंग एवं अन्य कार्य। | रू.4,92.472.00 | रू. 9853.00 | रू. 2000.00 | 09 माह | -तदैव- |
| 3 | 2026_ सी.पी.ए._ 534273 | 55/ 26-27 दि. 7.9.2026 | विधानसभा भवन के बड़े गुलाब उद्यान एवं आस पास के क्षेत्र का बागवानी का संधारण तथा सुदृढ़िकारण कार्य। | रू19,82,481.00 | रू. 39650.00 | रू. 2000.00 | 12 माह | -तदैव- |
| 4 | 2026_ सी.पी.ए._ 534275 | 56/ 26-27 दि. 7.9.2026 | विधानसभा भवन में स्थापित मुख्य पेनल रूम के मुख्य सप्लाई पेनल बल कपलर एवं कैपेसीटर पैनल बदलने का कार्य | रू19,50,000.00 | रू. 39000.00 | रू. 2000.00 | 06 माह | -तदैव- |
| 5 | 2026_ सी.पी.ए._ 534276 | 57/ 26-27 दि. 7.9.2026 | विधायक विश्राम गृह परिसर स्थित एच एवं आई टाईप आवास गृहों में वार्षिक संधारण के अन्तर्गत वार्डरोब, किचन केबीनेट, कब बोड, डोर जाली शटर एवं एम.एस. ग्रिल आदि कार्य। | रू. 82,32,569.00 | रू. 82,326.00 | रू. 1000.00 | 03 माह | -तदैव- |
| 6 | 2026_ सी.पी.ए._ 534297 | 58/ 26-27 दि.7.9.2026 | वार्षिक संधारण के अन्तर्गत विधायक विश्राम गृह के विभिन्न उद्यानों का विकास एवं सुदृढ़िकरण कार्य। | रू. 19,91,600.00 | रू.39,832.00 | रू. 2000.00 | 06 माह | -तदैव- |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 10.9.2026 से दि0 15.9.2026 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है । (3) विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता है। (4) निविदा से संबधित आवश्यक अभिलेख केवल ऑन लाईन ही प्राप्त किये जा सकेगें। यदि आवश्यक हो तो केवल निविदाकार स्वयं कार्यालय में जाकर स्थल का अवलोकन कर सकता है।

**कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3**
**लोक निर्माण विभाग ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल 0755-2463894**

जी-18337/26